339 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बिना नंबर की बोलेरो जब्त : छिंदवाड़ा रोड पर पुलिस की घेराबंदी में पकड़ा गया आरोपी, पहले भी आबकारी एक्ट के कई मामलों में दर्ज है प्रकरण

सिवनी नवभारत। कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को एक कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 339 .28 लीटर अवैध शराब और बिना नंबर की बोलेरो वाहन जब्त की गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 3 लाख 86 हजार 100 रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार 8 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सफेद रंग की बोलेरो वाहन में अवैध शराब भरकर शहर में बिक्री के लिए लाई जा रही है। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छिंदवाड़ा रोड स्थित द ग्रेड रॉयल होटल के सामने घेराबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की।

इस दौरान छिंदवाड़ा की ओर से आ रही बिना नंबर की सफेद बोलेरो को रोककर तलाशी ली गई। जांच में वाहन से 14 थैले और 11 कार्टून में भरी अवैध शराब बरामद हुई। वाहन चालक ने अपना नाम कमल मानाठाकुर (51) निवासी रेलवे क्रॉसिंग के पास, रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी बताया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

वाहन से प्लेन मदिरा 180 लीटर, लाल मसाला 72 लीटर, मैकडोवल्स रम 43 लीटर, ऑफिसर च्वाइस व्हिस्की 35.28 लीटर और जिनियस व्हिस्की 9 लीटर सहित कुल 339.28 लीटर शराब जब्त की गई। बरामद शराब की कीमत 86 हजार 100 रुपये आंकी गई है, जबकि जब्त बोलेरो वाहन की कीमत लगभग 3 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि शराब कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। कार्रवाई में उप निरीक्षक दयाराम शरणागत, सहायक उप निरीक्षक दिनेश रघुवंशी, प्रधान आरक्षक मुकेश गोडाने, आरक्षक प्रदीप चौधरी, पंकज सोलंकी, अजेन्द्र पाल, सौरभ ठाकुर, लोकेश सरयाम, रत्नेश कुशवाहा, रविन्द्र डहेरिया, सुधीर डहेरिया, विश्राम धुर्वे, सतीश इनवाती, सिद्धार्थ दुबे, प्रशांत गजभिये, प्रतीक बघेल और चालक इरफान की भूमिका रही।

दर्ज है अपराधिक मामले

पुलिस के अनुसार आरोपी कमल मानाठाकुर के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2024 में भी उसके कब्जे से 223 .56 लीटर अवैध शराब बरामद हुई थी। इसके अलावा आरोपी पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के दो मामले, धारा 34(1) के दो मामले तथा शासकीय कार्य में बाधा डालने का एक मामला दर्ज है।

पेंच की मशहूर 'लंगड़ी बाघिन' का निधन

शावकों का रिकॉर्ड

2012 – 2 मादा शावक
2016 – 3 शावक (1 नर, 2 मादा)
2019 – 4 नर शावक
2021 – 1 मादा शावक

कुरई नवभारत। मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध पेंच टाइगर रिजर्व से एक भावुक खबर सामने आई है। पर्यटकों और वन्यजीव प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय बाघिन पीएन-20 (ञ्ज-20), जिसे सभी 'लंगड़ी बाघिन' के नाम से जानते थे, का शनिवार सुबह निधन हो गया। करीब 18 वर्ष की उम्र में वह कर्माझिरी रेंज के मुनारा कैम्प के पास मृत अवस्था में पाई गई।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बाघिन की मृत्यु वृद्धावस्था और शारीरिक कमजोरी के कारण हुई है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और एनटीसीए (ह्ल्रष्ट) के दिशा-निर्देशों के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद उसका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया। वर्ष 2008 में जन्मी यह बाघिन पेंच टाइगर रिजर्व की सबसे अधिक उम्र तक जीवित रहने वाली बाघिनों में से एक रही। वह पेंच की विश्वप्रसिद्ध कॉलरवाली बाघिन की सहोदर बहन थी, जिसने पेंच को देश-दुनिया में पहचान दिलाई थी।

'लंगड़ी बाघिन' नाम उसे इसलिए मिला क्योंकि उसके आगे के पंजे में जन्मजात विकृति थी, जिसके कारण चलते समय हल्की लंगड़ाहट दिखाई देती थी। बावजूद इसके उसने पूरे जीवन जंगल में मजबूती से संघर्ष किया और अपना अलग स्थान बनाया।

पेंच में बढ़ाई बाघों की संख्या

अपने जीवनकाल में इस बाघिन ने 10 शावकों को जन्म दिया, जिन्होंने पेंच और आसपास के जंगलों में अपना इलाका बनाकर बाघों की संख्या बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। वन अधिकारियों का कहना है कि पीएन-20 के कई शावक आज भी पेंच और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय हैं, जिससे उसके संरक्षण में दिए गए योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

पर्यटकों की पसंदीदा बाघिन

'लंगड़ी बाघिन' अक्सर कर्माझिरी रेंज में दिखाई देती थी, इसलिए सफारी पर आने वाले पर्यटकों के बीच वह काफी लोकप्रिय थी। उसकी विशिष्ट चाल और शांत स्वभाव ने उसे पेंच के सबसे पहचान योग्य बाघों में शामिल कर दिया था।

जंगल में गूंजती थी उसकी दहाड़

आज भले ही पेंच के जंगलों में उसकी दहाड़ नहीं सुनाई देगी, लेकिन उसकी संतानों और विरासत के रूप में वह हमेशा पेंच के जंगलों में जीवित रहेगी। वन्यजीव प्रेमियों और पर्यटकों के लिए 'लंगड़ी बाघिन' हमेशा एक यादगार अध्याय बनी।

एक नजर में

वैश्य महिला इकाई का होली मिलन संपन्न

सिवनी। वैश्य महिला इकाई का होली मिलन समारोह एवं महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि के स्वागत के पश्चात भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप में लड्डू गोपाल जी का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि कविता गौर के कर कमलो से किया गया । मुख्य अतिथि के संबोधन में नारी के स्वास्थ्य सम्मान और शिक्षा पर सर्वाधिक बल दिया गया । नारी का सम्मान होली के रंग मिलाकर रचे खुशियों के संग और होली महोत्सव के रंगों में खुशियों की बौछार एकता अपनात्व का संदेश देती है। महिला दिवस हमें हमारी शक्ति सम्मान और आत्मविश्वास की याद दिलाता है। कार्यक्रम में लगभग 70 महिलाओं ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार और महिला दिवस की शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए वैश्य समाज की जिला अध्यक्षा जी एवं जिला प्रभारी जी के द्वारा सभी बहनों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी बहनों ने गेम्स खेले और भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर सभी बहनों ने नृत्य किया, वैश्य समाज परिवार की सभी बहिनो ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी बहनों ने लकी ड्रा में भी भाग लिया और अच्छे-अच्छे गिफ्ट भी प्राप्त किए। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रभारी के द्वारा सभी बहनों का आभार व्यक्त किया।

टेलर की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

सिवनी। नगर के शहीद वार्ड कटंगी नाका के पास मुख्य रोड के किनारे स्थित लेडीज टेलर सिलाई कपड़ा की दुकान में शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि आग लग गई। दुकान मालिक जीतेंद्र शिवहरे की दुकान में कैसे आग लगी इसका कारण फिलहाल अज्ञात है। इस मामले में उन्होंने बताया कि आग से लगभग साढ़े तीन लाख रुपए की क्षति हुई है। क्षेत्रवासी में राजेश साहू ने बताया कि रात में आग लगने की घटना से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई व इसकी सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई जहां दमकल वाहन आग बुझाने पहुंचा। हालांकि दुकान में रखे कीमती कपड़े मशीन आदि जलकर नष्ट हो गए।

महिला फेडरेशन द्वारा महिला दिवस मनाया गया

सिवनी। 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के कार्यालय दलसागर के सामने सिवनी में उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन की अध्यक्ष कामरेड माया गढ़ेवाल ने की कार्यक्रम की शुरुआत में माता सावित्री बाई फूले के छाया चित्र पर साथियों द्वारा पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात दिवंगत - गार्गी चक्रवर्ती, कल्पना सक्सेना शैली, कामरेड नल्ला कन्नू फिलिस्तीन में मारी गई महिलाएं एवं बच्चियां तथा ईरान के स्कूलों मे बमबारी मे मारी गई स्कूली छात्राओं को श्रद्धांजलि दी गई । प्रमुख वक्ता के रूप में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश बुर्डे तथा सचिव कामरेड डी डी वासनिक रहे जिन्होंने महिला फेडरेशन का इतिहास महिला कामगारों की दशा तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

केवलारी के पांजरा में श्रीमद भागवत कथा आज से

सिवनी नवभारत। दण्डी स्वामी श्री इंदुभावानंद जी के श्रीमुख से केवलारी के पांजरा ग्राम में श्रीमद भागवत कथा की ज्ञानगंगा का प्रवाह होगा। आचार्य विकास तिवारी(सोनू महाराज) ने बताया कि ग्राम पांजरा के दुबे परिवार द्वारा सोमवार 09 मार्च से 16 मार्च तक श्रीमद भागवत कथा का धर्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा है, इस आयोजन में कथा व्यास के रूप में ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के विशेष कृपापात्र शिष्य तथा वर्तमान द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के करकमलों से सज्जात 1008 यतिवर दण्डी स्वामी डॉ श्री इंदुभावानंद तीर्थ जी महाराज विराजित रहेंगे, स्वामी जी शंकराचार्य आश्रम रायपुर से कथा के आरंभ दिवस के दिन भव्य जलकलश शोभायात्रा के साथ का ग्राम प्रवेश करेंगे ।

9 से 15 मार्च तक लगेगा राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर

सिवनी। शासकीय महाविद्यालय बरघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 9 मार्च से 15 मार्च 2026 तक ग्राम निवारी (जोरालरी, बरघाट) में किया जाएगा। शिविर में महाविद्यालय के 50 छात्र-छात्राएं भाग लेकर विभिन्न सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. छत्रपाल सिंह जाटव ने बताया कि शिविर का आयोजन मेरा युवा भारत और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर किया जा रहा है। शिविर के दौरान स्वयंसेवक समग्र स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण (पानी रोको-सोखो), पर्यावरण संरक्षण, उन्नत कृषि और पशुधन विकास जैसे विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक करेंगे। इसके अलावा व्यवसायिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, नशा उन्मूलन, मतदाता जागरूकता, प्लास्टिक मुक्ति, शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार और कॉलेज चलो अभियान जैसे विषयों पर भी बौद्धिक परिचर्चा, परियोजना कार्य, ग्राम संपर्क और सर्वेक्षण के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जीवन-मरण के बंधन से मुक्ति प्रदान कराती है भागवत

सिवनी नवभारत। संकट की घड़ी में मनुष्य को केवल भगवान का ही स्मरण करना चाहिए। चतुर्थ स्कंध में लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती जी के स्वरूपों का विशेष वर्णन किया गया। उक्ताशय की बात पंडित हितेंद्र शास्त्री ने पिपरियाकला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को श्रद्धालुजनों से कहीं।

उन्होंने आगे कहा कि सच्चा गुरु वही है , जो शिष्य को ईश्वर से जोड़े, न कि आडंबर में उलझाए। श्रीमद् भागवत को पवित्र ग्रंथ और वेदों का सार बताते हुए उन्होंने इसे कलयुग में मुक्ति का श्रेष्ठ साधन बताया। यह ग्रंथ जीवन मरण के बंधन से मुक्ति प्रदान करने वाला, आयु बढ़ने वाला, पापों का नाश करने वाला तथा कलयुग में सबसे उत्तम साधन मार्ग माना जाता है।

उन्होंने कहा कि, यह ग्रंथ जीवन मरण के बंधन से मुक्ति प्रदान करने वाला, आयु बढ़ने वाला, पापों का नाश करने वाला तथा कलयुग में सबसे उत्तम साधन मार्ग माना जाता है।

महिला दिवस पर मोदी सरकार ने गृहणियों को दिया महंगाईज़्का तोहफा : मरावी

सिवनी नवभारत। मोदी सरकार द्वारा महिला दिवस के अवसर पर भारत की गृहणियों को मंहगाई का तोहफा दिया है। आपदा में अवसर तलासते हुये घरेलू सिलेंडर 60 रू. एवं कामर्शियल सिलेंडर में 115 रू. की बढ़ोत्री की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि यह पहला अवसर नहीं है कि जंग का बहाना लेकर दामो में बढ़ोत्री की गई है, पूर्व से मंहगाई की मार झेल रही देश की जनता रसोई गैस के दामो में वृद्धि से देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग की कमर टूट जायेंगी, खाद्य समाग्री की कीमते तेजी से बढेंगी। एक दिन पूर्व भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पूरी ने कहा था कि हमारे नागरिको को सस्ता और टिकाउ इंधन उपलब्ध कराया जायेगा, अगले ही दिन रसोई गैस के दाम बढ़ाकर मोदी सरकार ने कथनी और करनी में अंतर बता दिया। मोदी जी की विदेश नीतियों की विफलता का खामियाजा देश की जनता को अपने जेब खाली करके भुगतना पड़ रहा है।

श्री मरावी ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने कोरोना जैसे महामारी के समय भी देश की जनता को लूटना नहीं छोड़ा। एपस्टीन फाईल के दबाव में पूरी तरह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईशारों में काम कर रहें है मोदी जी ने देश की गरिमा को गिरवी रख दिया है। आपरेशन सिंदूर की कार्यवाही रोका गया, रूस, ईरान से तेल खरीदना ट्रम्प के कहने पर बंद किया गया। रूस से तेल खरीदने का समय 30 दिन उन्हीं के आदेश से जारी हुआ। विदेशी मीडिया मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुये यह भी कह रहा है कि मोदी जी ने अमेरिका के आगे टांगे खोल दी। भारत के पुराने समय के मित्र एवं सहयोगी देशो से सिर्फ ट्रम्प के कारण दुश्मनी लेकर मोदी जी जिस तरह देश की गरिमा को तार-तार कर रहें है, उसे वापस लाने में दशको लग जायेंगे। यदि मोदी जी का संबंध एपस्टीन फाईल से नहीं है तो वह सार्वजनिक रूप से आकर खंडन क्यो नही करते ?,

ग्राम मरझोर में श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ

कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

सिवनी नवभारत। ग्राम मरझोर में श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन निकाली गई कलश यात्रा में ग्राम की महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत यह यात्रा पूरे ग्राम में विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

कलश यात्रा ग्राम के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और भगवान शिव की जयकारों से गांव का माहौल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भगवान शिव के भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा में शामिल हुए।

आयोजकों ने बताया कि श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 8 मार्च से 16 मार्च तक ग्राम मरझोर में किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से 10 बजे तक मंडलों का पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं पूजन संपन्न होगा। वहीं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आचार्य श्री के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

महिला दिवस पर ओमकला केंद्र में डिप्लोमा वितरण समारोह

सिवनी नवभारत। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के राजश्री पैलेस में ओमकला केंद्र द्वारा भव्य डिप्लोमा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं कटनी संगठन प्रभारी सुजीत जैन, भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, जिला मंत्री तरुण मुनिया टांक, आईटी जिला संयोजक मनोज मर्दन त्रिवेदी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना क्र / राजस्व शाखा / 2025-26 /312 बुरहानपुर दिनांक : 07/03/2026

निविदा सूचना 2026-27

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑनलाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in पर टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है

क्र.	टेण्डर आई.डी. नं.	दुकान का विवरण	दुकान का आरक्षित मूल्य	अर्नेस्ट मनी (ई.एम.डी)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	आरक्षित वर्ग
1	2026_UAD _487869_1	इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 01	5,60,000/-	20,000/-	2000/-	अनु. जाति
2	2026_UAD _487870_1	इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 02	5,60,000/-	20,000/-	2000/-	अनारक्षित
3	2026_UAD _487871_1	इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 03	5,60,000/-	20,000/-	2000/-	अनारक्षित
4	2026_UAD _487872_1	इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 04	5,60,000/-	20,000/-	2000/-	अनारक्षित
5	2026_UAD _487873_1	इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 05	5,60,000/-	20,000/-	2000/-	अन्य पि वर्ग
6	2026_UAD _487874_1	इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 06	5,60,000/-	20,000/-	2000/-	अनारक्षित
7	2026_UAD _487875_1	इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 07	5,60,000/-	20,000/-	2000/-	अनारक्षित
8	2026_UAD _487880_1	कुन्दन स्वीट्स के बाजू में दुकान क्रं.04	60,00,000/-	50,000/-	5000/-	अनारक्षित

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, दुकान का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर

आयोजन वैश्य महासम्मेलन की महिला ईकाई ने उत्साह से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन कार्यक्रम

महिलाएं केवल सपने नहीं देखतीं, बल्कि संकल्प से उन्हें साकार भी करती हैं

सिवनी नवभारत। वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई सिवनी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन समारोह का आयोजन बारापत्थर के निजी होटल में शनिवार को आयोजत किया। आयोजन में नारी शक्ति के सम्मान व फागुन के उल्लास का अद्भुत समन्वय देखने को मिला, जिसमें लगभग 70 महिलाओं ने सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ में मुख्य अतिथि व निजी स्कूल प्राचार्य श्रीमती कविता गौर व संगठन के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप %लड्डू गोपाल% के पूजन-अर्चन व दीप प्रज्वलन से किया। संबोधन में प्राचार्य श्रीमती गौर ने नारी के स्वास्थ्य, सम्मान व शिक्षा पर विशेष बल दिया। कहा कि महिला दिवस हमें हमारी शक्ति सम्मान और आत्मविश्वास की याद दिलाता है। वहीं होली के रंग एकता व अपनत्व का संदेश देते हैं। यदि महिलाओं को अवसर, विश्वास व सहयोग मिले तो वे हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं। महिलाएं केवल सपने नहीं देखतीं, बल्कि अपने परिश्रम व संकल्प से उन्हें साकार भी करती हैं।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियो के साथ हुई रोचक प्रतियोगिताएं

कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन और उत्साह का माहौल बना रहा। वैश्य समाज की बहनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर महिलाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया और विभिन्न गेम्स व लकी ड्रा में भाग लेकर आकर्षक उपहार जीते। जिला अध्यक्षा व जिला प्रभारी ने सभी उपस्थित बहनों का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। स्वल्पाहार के साथ समारोह का समापन हुआ।

रोटी से लेकर चांद तक की सफलता का उत्सव

वैश्य महिला इकाई की जिला अध्यक्ष श्रीमती ऋतु दहिकर ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि नारी ने घर की गोल रोटी से लेकर चांद तक पहुंचने की सफलता की कहानी स्वयं गढ़ी है। हर वह मां, बहन व बेटी जिसने समाज और देश को पहचान दिलाई है, वह सम्मान की अधिकारी है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के समर्पण को देखते हुए यह शाम पूरी तरह उनके सम्मान में समर्पित की गई है। जिला प्रभारी श्रीमती इंद्रा सराफ ने कहा कि यह आयोजन मातृशक्ति के आत्मबल को बढ़ाने और उनके लिए स्वयं के कुछ पल निकालने के उद्देश्य से किया गया है। मीडिया प्रभारी श्रीमती सोनिया सोनी ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आज महिलाएं विभिन्न संगठनों के माध्यम से घर से बाहर निकलकर हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं, जो महिला दिवस के वास्तविक उद्देश्य को सार्थक करता है।